# मध्य प्रदेश मदरसा बोर्ड

" तालीम घर " इस्लामी गेट, शाहजहांनाबाद, भोपाल - 462001


15 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

क्रमांक / म.प्र.म.बो. / परीक्षा / 2020 / 295 भोपाल, दिनांक 30-12-2020

प्रति,

समस्त अध्ययन केन्द्र संचालक
म.प्र. मदरसा बोर्ड,
भोपाल।

विषय :– अध्ययन केन्द्रों हेतु दिशा–निर्देश।

---

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि म.प्र. मदरसा बोर्ड की हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षाओं के परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाइन भरने के लिए निर्देशों की जानकारी से आपको अवगत कराया जा रहा है। परीक्षा में छात्रों को सम्मिलित कराने हेतु निम्नांकित बिन्दुओं का विशेष ध्यान रखें:–

म.प्र. मदरसा बोर्ड की हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षाओं की विभिन्न योजनाओं (सामान्य,प्लेन, क्रेडिट, पूर्व क्रेडिट, आंशिक, हाई स्कूल मौलवी, हायर सेकण्डरी आलिम) निम्नानुसार हैं :

| | | |
|---|---|---|
| 1 | प्लेन | हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षा में प्रथम बार सम्मिलित होने हेतु विषय सूची में से 05 विषय का चयन करना होगा, दो भाषा एवं 03 अन्य विषय। Two languages (1. Urdu Complsory 2. Hindi or English or Arabic) + Three Other Subject |
| 2 | क्रेडिट | माध्यमिक शिक्षा मण्डल से मान्यता प्राप्त बोर्ड/मण्डल से अनुत्तीर्ण छात्र तथा म.प्र. मदरसा बोर्ड के पूर्व छात्र जो 9 परीक्षा सत्र के पश्चात भी अनुत्तीर्ण होंगे वह इस योजना (क्रेडिट) में आवेदन करेंगे। (Total Five Subject : Two Languages (any) + Three other Subject) |
| P-2 | पूर्व क्रेडिट | म.प्र. मदरसा बोर्ड के अनुत्तीर्ण छात्रों हेतु। पूर्व में प्लेन/क्रेडिट योजना के अंतर्गत सम्मिलित अनुत्तीर्ण छात्र अपने अनुत्तीर्ण विषयों में 9 परीक्षा सत्र तक इस योजना (पूर्व क्रेडिट) में आवेदन करेंगे। |
| 3 | आंशिक | हाई स्कूल/हायर सेकण्डरी उत्तीर्ण करने के पश्चात किसी विषय विशेष की अतिरिक्त परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु। (Maximum 4 Subject) |
| 4 | हाई स्कूल मौलवी | कक्षा 10वीं के साथ धार्मिक विषय लेकर मौलवी की परीक्षा देने हेतु (कक्षा 10वीं के अनिवार्य 05 विषयों के साथ मौलवी के विषय कोड 406, 407, 408, 409 लेना होंगे) |
| | हायर सेकण्डरी आलिम | कक्षा 12वीं के साथ धार्मिक विषय लेकर आलिम की परीक्षा देने हेतु (कक्षा 12वीं के अनिवार्य 05 विषयों के साथ आलिम के विषय कोड 506, 507, 508, 509 लेना होंगे) |

## ऑनलाइन आवेदन करने हेतु निर्देश

- 10वीं प्लेन/मोलवी के फ़ॉर्म में जन्म तिथि के लिए 5वीं/8वीं उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण एवं 10वीं अनुत्तीर्ण की मूल अंकसूची या जन्म प्रमाण पत्र (नगर निगम, नगर पालिका, ग्राम पंचायत द्वारा जारी) इनमे से कोई एक जिसमें छात्र की जन्म तिथि, नाम, पिता का नाम सही अंकित हो। यदि पहले पेज पर सम्पूर्ण जानकारी न हो तो दोनों और से (Both Side) स्कैन कर पीडीएफ़ फ़ाइल में अपलोड की जाए। Black/Colour फोटोकोपी का स्कैन मान्य नहीं होगा। मूल अंकसूची/ जन्म प्रमाण पत्र ही स्कैन कर अपलोड कराएं।
- 12वीं के फ़ॉर्म में प्लेन /आलिम योजना के लिए 10वीं पास की मूल अंकसूची को दोनों और से (Both Side) स्कैन कर पीडीएफ़ फ़ाइल में अपलोड करना अनिवार्य है।
- 10वीं एवं 12वीं के क्रेडिट छात्रों की मूल अंकसूची दोनों और से (Both Side) स्कैन कर पीडीएफ़ फ़ाइल में अपलोड की जाए। Black/Colour फोटोकोपी का स्कैन मान्य नहीं होगा। मूल अंकसूची ही स्कैन कर अपलोड कराएं। स्कैन करने के उपरांत आवेदन के साथ मूल अंकसूची भी लगाना अनिवार्य होगी उक्त के आभाव में आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

- यदि छात्र पूर्व में मदरसा बोर्ड की परीक्षा में सम्मिलित हुआ है तो जून 2016 से पूर्व में पूरक/उत्तीर्ण/अनुतीर्ण की मूल अंकसूची के साथ ही आवेदन स्वीकार होगा। नेट की अंकसूची एवं उसकी छायाप्रती मान्य नहीं होगी।
- यदि छात्र मदरसा बोर्ड जून 2016 के बाद का है तो नेट की अंकसूची मान्य होगी।
- फोटो आइ.डी. (Voter card, Licence, Passport, Pan Card, Bank Pass Book) इनमे से कोई एक जिसमें छात्र का स्पष्ट photo, नाम, पिता का नाम अंकित हो। यदि उपरोक्त अंकित फोटो आइ.डी. नहीं हो तो रू. 100/- के स्टांप पर फोटो सहित सम्पूर्ण जानकारी नोटरी कराकर फोटो आइ.डी. के रूप में संलग्न एवं स्कैन करें। यदि पहले पेज पर सम्पूर्ण जानकारी न हो तो दोनों और से (Both Side) स्कैन कर पीडीएफ़ फ़ाइल में अपलोड करना अनिवार्य है। Black/Colour फोटोकोपी का स्कैन मान्य नहीं होगा। मूल फोटो आइ.डी. ही स्कैन कर अपलोड कराएं। माननीय न्यायालय के निर्देशानुसार आधार कार्ड मान्य नहीं होगा।
- छात्र के कलर फोटो पर नाम एवं दिनांक तथा फोटो के नीचे छात्र के हस्ताक्षर अंकित होना चाहिए। नवीनतम फोटो ही मान्य होगा।
- पूर्व क्रेडिट योजना के अंतर्गत 9 चान्स पूरे होने पर छात्र को क्रेडिट योजना के अंतर्गत फ़ॉर्म भरना होगा। वर्ष 2016 से पूर्व के सभी छात्र क्रेडिट योजना के अंतर्गत आवेदन करें। क्रेडिट योजना का उल्लेख परीक्षा संबंधी नियम में स्पष्ट है। इसी प्रकार प्रत्येक सत्र में एक वर्ष कम होता जाएगा।
- एम.पी. बोर्ड के जो विषय मदरसा बोर्ड में उपलब्ध नहीं है उक्त के स्थान पर विषय परिवर्तन कर छात्र को मदरसा बोर्ड में उपलब्ध विषय लेना होंगे।
- आंशिक योजना के अंतर्गत फ़ॉर्म भरने वाले छात्र यदि 10वीं उत्तीर्ण करने के उपरांत आंशिक विषय की परीक्षा देना चाहता है तो 10वीं उत्तीर्ण की मूल अंकसूची तथा यदि 12वीं उत्तीर्ण करने के उपरांत आंशिक विषय की परीक्षा देना चाहता है तो 12वीं उत्तीर्ण की मूल अंकसूची को दोनों और से (Both Side) स्कैन कर पीडीएफ़ फ़ाइल मैं अपलोड करना अनिवार्य है। Black/Colour फोटोकोपी का स्कैन मान्य नहीं होगा। मूल अंकसूची ही स्कैन कर अपलोड कराएं।
- किसी भी प्रकार की त्रुटि के कारण निरस्त किए गए फॉर्म का परीक्षा शुल्क न ही वापस किया जाएगा न आगामी वर्षों की परीक्षा में समायोजित किया जाएगा अतः पूर्ण सावधानी एवं ज़िम्मेदारी से फॉर्म भरें भुगतान से पूर्व फॉर्म को सावधानी पूर्वक चेक कर लें।
- छात्र एवं अध्यन केंद्र संचालक की और से संयुक्त शपथ पत्र में नियत स्थान पर छात्र का फोटो चस्पा कर हस्ताक्षर एवं सील सहित प्रमाणीकरण के उपरांत मूल प्रति में अपलोड की जाना है। उक्त के आभाव मैं फॉर्म submit नहीं होगा।

## ऑनलाइन आवेदन सहपत्रों सहित जमा करने हेतु निर्देश :

- आवेदन फार्म तभी मान्य होगा जब ऑनलाइन आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर मूल फोटो चस्पा कर, आवश्यक निम्न दस्तावेज संलग्न (पहचान पत्र, अंकसूची, इत्यादि) कर अध्य्यन केन्द्र संचालक के माध्यम से सील सहित अग्रेषण/हस्ताक्षर कराकर 07 दिवस में म.प्र. मदरसा बोर्ड "तालीम घर" शाहजहानाबाद भोपाल को रजिस्ट्रड डाक से प्राप्त हो जाना चाहिए, प्राप्त नही होने पर आवेदन फार्म निरस्त कर दिया जाएगा। जिसकी कोई सूचना नही दी जावेगी एवं परीक्षा शुल्क किसी भी स्थिति में वापस अथवा समायोजन नही किया जावेगा एवं यह दावा भी मान्य नहीं होगा की उक्त की सूचना नहीं दी गई।
- 10वीं प्लेन/मोलवी के फ़ॉर्म मैं जन्म तिथि के लिए 5वीं/8वीं उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण एवं 10वीं अनुत्तीर्ण की मूल अंकसूची या जन्म प्रमाण पत्र (नगर निगम, नगर पालिका, ग्राम पंचायत द्वारा जारी) इनमे से कोई एक जिसमें छात्र की जन्म तिथि, नाम, पिता का नाम स्पष्ट अंकित हो। सत्यापित छायाप्रति भेजना अनिवार्य है।
- हायर सेकण्डरी परीक्षा हेतु आवेदन करने वाले छात्रों को हाई स्कूल पास की अंकसूची की सत्यापित छायाप्रति लगाना अनिवार्य है। हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी क्रेडिट स्कीम के अंतर्गत बेठने वाले छात्रों को पूर्व मण्डल की मूल अंकसूची का सत्यापन स्वंय अपने व्यय पर संबंधित बोर्ड/मण्डल से करवाना होगा, तथा सत्यापित अंकसूची आवेदन फार्म के साथ प्रस्तुत करना होगा, यदि छात्र सत्यापित पूर्व मण्डल की मूल अंकसूची आवेदन फार्म के साथ प्रस्तुत नही करता है तो छात्र का प्रवेश निरस्त कर दिया जाएगा।
- समस्त छात्रों को फोटो आइ.डी. की सत्यापित छायाप्रति भेजना है। कटी-फटी असपष्ट छायाप्रती मान्य नहीं होगी।

- ऑनलाइन आवेदन करते समय यदि किसी छात्र के आवेदन पत्र में कोई त्रुटि हो तो वह सही दस्तावेज की प्रमाणित प्रति सहित निर्धारित तिथियों में संशोधन कर सकते हैं। संशोधन हेतु शुल्क रूपये 100/- (व्यक्तिगत जानकारी में संशोधन) तथा विषय परिवर्तन हेतु प्रति विषय रूपये 100/- एवं क्योस्क का निर्धारित शुल्क रू. 60/- का भुगतान करना होगा। निर्धारित तिथि समाप्त होने के उपरांत किसी भी प्रकार का संशोधन म.प्र. मदरसा बोर्ड के स्तर पर नही किया जाएगा इसका संपूर्ण दायित्व छात्र/ अध्ययन केन्द्र का होगा भविष्य में किसी भी प्रकार का दावा मान्य नही होगा।
- अध्ययन केन्द्र संचालक प्राप्त परीक्षा आवेदन पत्रों की स्क्रुटनी करके कवरिंग लेटर एवं रू. 100/- के स्टाम्प पर Undertaking सहित आवेदन पत्र जमा करेंगें। शपथ पत्र Undertaking पर स्पष्ट अंकित हो कि छात्रों की संपूर्ण जिम्मेवारी अध्ययन केन्द्र की होगी।
- किसी भी समस्या के निराकरण हेतु छात्र को अपने अध्ययन केन्द्र से ही संपर्क करना होगा तथा अध्ययन केन्द्र समस्या के निराकरण हेतु सम्पूर्ण जानकारी सहित मदरसा बोर्ड से संपर्क करेंगे।
- निराकरण नहीं होने पर यदि छात्र/ अध्ययन केन्द्र संचालक न्यायालय की शरण में जाना चाहता है तो 15 दिवस पूर्व कार्यालय मदरसा बोर्ड को सूचना देना होगी। वाद-विवाद की स्थिति में न्यायालयीन क्षेत्र भोपाल रहेगा।
- प्रत्येक वर्ष मदरसा अध्ययन केन्द्र का नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। नवीनीकरण नहीं कराने पर ऑनलाइन आवेदन मान्य नहीं होंगे। माह फरवरी में नवीनीकरण हेतु आवेदन सशुल्क राशि रूपये 1000/- प्रति वर्ष के मान से बैंक ड्राफ्ट (सचिव, मध्य प्रदेश मदरसा बोर्ड के पक्ष में) सहपत्रों सहित भेजना अनिवार्य है। 30 जून तक आवेदन न करने पर रूपये 100/- प्रति माह की दर से विलंब शुल्क लिया जाएगा।
- अध्ययन केन्द्र का नवीनीकरण नहीं कराने एवं आवेदन पत्र/पत्रों की कमी पूर्ति नहीं करने पर अध्ययन केन्द्र को फार्वर्डिंग शुल्क का भुगतान नहीं किया जाएगा तथा अध्यन केंद्र की मान्यता भी समाप्त की जावेगी।
- आवेदन पत्र में किसी भी प्रकार की कमी होने पर यदि छात्र को प्रवेश पत्र जारी हो जाता है और छात्र परीक्षा मैं शामिल भी हो जाता है तब भी प्रवेश निरस्त कर परीक्षा परिणाम रोका जा सकता है और अध्ययन केन्द्र / छात्र पर कार्यवाही की जा सकती है।
- परीक्षा केंद्र का निर्धारण, परीक्षा परिणाम, अंकसूची में संशोधन इत्यादि परीक्षा संबंधी समस्त नियम MPSOSEB अनुसार होंगे।
- अध्ययन केन्द्र संचालक अपना तथा दो अधिकृत व्यक्तियों का नवीनतम मोबाइल नंबर तथा ईमेल आईडी उपलब्ध कराएं। परिवर्तन की दशा में तत्काल कार्यालय को अवगत कराएं।
- 10वीं 12वीं की ऑनलाइन किताबें मध्य प्रदेश मदरसा बोर्ड की वेबसाइट mpmb.org.in पर उपलब्ध हैं।
- परीक्षा की महत्वपूर्ण तिथियाँ :

**प्रथम सत्र :**

ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 1 जनवरी से 25 मार्च तक।
ऑनलाइन आवेदन में संशोधन 1 जनवरी से 30 मार्च तक।
ऑनलाइन आवेदन पत्र सहपत्रों सहित 8 अप्रैल तक कार्यालय मदरसा बोर्ड को प्राप्त हो जाना चाहिए।
परीक्षा का संभावित माह - मई/जून।

**द्वितीय सत्र :**

ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 1 जुलाई से 25 सितंबर तक।
ऑनलाइन आवेदन में संशोधन 1 जुलाई से 30 सितंबर तक।
ऑनलाइन आवेदन पत्र सहपत्रों सहित 8 अक्टूबर तक कार्यालय मदरसा बोर्ड को प्राप्त हो जाना चाहिए।
परीक्षा का संभावित माह - नवम्बर/दिसम्बर।

संलग्न : परीक्षा शुल्क का विवरण, विषय सूची एवं संयुक्त शपथ पत्र का प्रारूप।

सचिव
म.प्र. मदरसा बोर्ड,
भोपाल

# म.प्र. मदरसा बोर्ड भोपाल

हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षा शुल्क

| योजना का नाम | परीक्षा शुल्क | अध्ययन केन्द्र फार्वडिंग शुल्क | पोर्टल शुल्क | कुल शुल्क | योजना का नाम | परीक्षा शुल्क | अध्ययन केन्द्र फार्वडिंग शुल्क | पोर्टल शुल्क | कुल शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हाई स्कूल मौलवी | 1600/- | 500/- | 60/- | 2160/- | हायर सेकण्डरी आलिम | 1700/- | 500/- | 60/- | 2260/- |
| हाई स्कूल सम्पूर्ण विषय | 1200/- | 500/- | 60/- | 1760/- | हायर सैकेण्डरी सम्पूर्ण विषय | 1300/- | 500/- | 60/- | 1860/- |
| हाई स्कूल क्रेडिट एक विषय | 500/- | 250/- | 60/- | 810/- | हायर सैकेण्डरी क्रेडिट एक विषय | 600/- | 250/- | 60/- | 910/- |
| हाई स्कूल क्रेडिट दो विषय | 600/- | 250/- | 60/- | 910/- | हायर सैकेण्डरी क्रेडिट दो विषय | 700/- | 250/- | 60/- | 1010/- |
| हाई स्कूल क्रेडिट तीन विषय | 700/- | 250/- | 60/- | 1010/- | हायर सैकेण्डरी क्रेडिट तीन विषय | 800/- | 250/- | 60/- | 1110/- |
| हाई स्कूल आंशिक एक विषय | 500/- | 150/- | 60/- | 710/- | हायर सैकेण्डरी आंशिक एक विषय | 600/- | 150/- | 60/- | 810/- |
| हाई स्कूल आंशिक दो विषय | 600/- | 150/- | 60/- | 810/- | हायर सैकेण्डरी आंशिक दो विषय | 700/- | 150/- | 60/- | 910/- |
| हाई स्कूल आंशिक तीन विषय | 700/- | 150/- | 60/- | 910/- | हायर सैकेण्डरी आंशिक तीन विषय | 800/- | 150/- | 60/- | 1010/- |
| हाई स्कूल आंशिक चार विषय | 800/- | 150/- | 60/- | 1010/- | हायर सैकेण्डरी आंशिक चार विषय | 900/- | 150/- | 60/- | 1110/- |
| हाई स्कूल पूर्व क्रेडिट एक विषय | 250/- | 50/- | 60/- | 360/- | हायर सैकेण्डरी पूर्व क्रेडिट एक विषय | 250/- | 50/- | 60/- | 360/- |
| हाई स्कूल पूर्व क्रेडिट दो विषय | 400/- | 50/- | 60/- | 510/- | हायर सैकेण्डरी पूर्व क्रेडिट दो विषय | 400/- | 50/- | 60/- | 510/- |
| हाई स्कूल पूर्व क्रेडिट तीन विषय | 500/- | 50/- | 60/- | 610/- | हायर सैकेण्डरी पूर्व क्रेडिट तीन विषय | 500/- | 50/- | 60/- | 610/- |
| हाई स्कूल पूर्व क्रेडिट चार विषय | 700/- | 50/- | 60/- | 810/- | हायर सैकेण्डरी पूर्व क्रेडिट चार विषय | 700/- | 50/- | 60/- | 810/- |
| हाई स्कूल पूर्व क्रेडिट पांच विषय | 800/- | 50/- | 60/- | 910/- | हायर सैकेण्डरी पूर्व क्रेडिट पांच विषय | 800/- | 50/- | 60/- | 910/- |
| हाई स्कूल मौलवी पूर्व क्रेडिट | 400/- | 50/- | 60/- | 510/- | हायर सेकण्डरी आलिम पूर्व क्रेडिट | 400/- | 50/- | 60/- | 510/- |

परीक्षा आवेदन पत्र में संशोधन शुल्क रू. 100/- प्रति फार्म (विषय परिवर्तन छोडकर)

विषय परिवर्तन प्रति विषय रू. 100/-

विषय परिवर्तन एवं संशोधन शुल्क हेतु पोर्टल चार्ज रू. 60/- प्रति फार्म

**सचिव, मध्य प्रदेश मदरसा बोर्ड**

# मदरसा बोर्ड के इम्तेहानात के मज़मून (विषय सूची)

## हाई स्कूल मज़मून लिस्ट:-

| विषय कोड | विषय | कुल अधिकतम अंक | पूर्णांक सैद्धांतिक | न्यूनतम उत्तीर्णांक सैद्धां. | पूर्णांक प्रायो. | न्यूनतम उत्तीर्णांक प्रायो. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 401 | उर्दू | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 402 | हिन्दी | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 403 | अंग्रेजी | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 404 | अरबी | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 406 | तर्जुमा-तफसीर कुरआन | 50 | 50 | 17 | - | - |
| 407 | हदीस, उलूमे हदीस | 50 | 50 | 17 | - | - |
| 408 | फिका इस्लामी | 50 | 50 | 17 | - | - |
| 409 | तारीखे इस्लाम | 50 | 50 | 17 | - | - |
| 410 | गणित | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 411 | विज्ञान | 100 | 75 | 25 | 25 | 08 |
| 412 | सामाजिक विज्ञान | 100 | 75 | 33 | | |
| 413 | अर्थशास्त्र | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 414 | वाणिज्य | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 415 | गृह विज्ञान | 100 | 75 | 25 | 25 | 08 |

## हायर सेकण्डरी मज़मून लिस्ट:-

| विषय कोड | विषय | कुल अधिकतम अंक | पूर्णांक सैद्धांतिक | न्यूनतम उत्तीर्णांक सैद्धां. | पूर्णांक प्रायोगिक | न्यूनतम उत्तीर्णांक प्रायो. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 501 | उर्दू | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 502 | अंग्रेजी | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 503 | हिन्दी | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 504 | अरबी | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 506 | तर्जुमा-तफसीर कुरआन | 50 | 50 | 17 | - | - |
| 507 | हदीस, उलूमे हदीस | 50 | 50 | 17 | - | - |
| 508 | फिका इस्लामी | 50 | 50 | 17 | - | - |
| 509 | तारीखे इस्लाम | 50 | 50 | 17 | - | - |
| 510 | गणित | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 511 | रसायन विज्ञान | 100 | 75 | 25 | 25 | 08 |
| 512 | जीव विज्ञान | 100 | 75 | 25 | 25 | 08 |
| 513 | भौतिक | 100 | 75 | 25 | 25 | 08 |
| 514 | अर्थशास्त्र | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 515 | वाणिज्य | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 516 | लेखांकन | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 517 | भूगोल | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 518 | इतिहास | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 519 | राजनीति विज्ञान | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 520 | गृह विज्ञान | 100 | 75 | 25 | 25 | 08 |

✡✡✡✡

# संयुक्त शपथ पत्र

## छात्र द्वारा

मैं शपथ पूर्वक कथन करता/करती हूँ की ऑनलाइन आवेदन पत्र में भरी गयी जानकारी पूर्ण सत्य हैं। बोर्ड द्वारा जारी निर्देशों एवं विवरणिका को भली भांति समझ कर मैरे द्वारा अंकित की गयी है। मेरे द्वारा मूल दस्तावेज़ अपलोड किए गए हैं। यदि बोर्ड द्वारा मिलान करने पर जानकारी एवं दस्तावेज़ संदेहास्पद अथवा कूटरचित पाये जाते हैं तो इसकी पूर्ण ज़िम्मेदारी मेरी होगी मेरा आवेदन निरस्त कर कानूनी कार्यवाही का अधिकार सचिव मदरसा बोर्ड को होगा एवं जमा परीक्षा शुल्क न वापस किया जाएगा न समायोजन किया जाएगा। मुझे उर्दू पढ़ने एवं लिखने का पूर्ण ज्ञान है मुझे जानकारी है की मेरी परीक्षाएँ उर्दू माध्यम में आयोजित होंगी।

## अध्यन केंद्र संचालक द्वारा

मैं शपथ पूर्वक कथन करता/करती हूँ की छात्र द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र में भरी गयी जानकारी बोर्ड द्वारा जारी निर्देशों एवं विवरणिका के अनुसार अंकित की गयी है। छात्र द्वारा मूल दस्तावेज़ अपलोड किए गए हैं। मूल दस्तावेज़ों एवं भरी गयी जानकारी का प्रमाणीकरण मेरे (अध्यन केंद्र संचालक) द्वारा मिलान कर किया गया है। यदि बोर्ड द्वारा मिलान करने पर जानकारी एवं दस्तावेज़ संदेहास्पद या कूटरचित पाये जाते हैं तो आवेदन निरस्त कर जमा परीक्षा शुल्क न वापस किया जाएगा न समायोजन किया जाएग एवं मदरसा बोर्ड की परीक्षाएँ उर्दू माध्यम में आयोजित होंगी। उक्त से छात्र को अवगत करा दिया गया है।

छात्र/छात्रा का

नवीनतम फोटो

हस्ताक्षर छात्र →

सत्यापितकर्ता छात्र का नाम

______________________________

S/o,D/o,W/o :

..............................................................

मोबाइल न. ..............................................................

हस्ताक्षर छात्र. ..............................................................

सत्यापित किया जाता है की उक्त जानकारी मेरे ज्ञान व विश्वास में सत्य एवं सही है।

सत्यापितकर्ता (अध्यन केंद्र संचालक) का नाम

______________________________

सत्यापितकर्ता (अध्यन केंद्र) का क्रमांक एवं नाम

..............................................................

सत्यापितकर्ता (अध्यन केंद्र संचालक) का मोबाइल न.

..............................................................

सत्यापितकर्ता अध्यन केंद्र संचालक
के सील सहित हस्ताक्षर